# बांगर की धरती पर वैश्य बिरादरी ने फूंका चुनावी बिगुल

## दलगत राजनीति से उपर उठकर प्रदेश में एक सांसद, 15 विधायक सदन में लाने का लिया गया संकल्प, सामाजिक, राजनीति मजबूती के लिए एकजुट होगा वैश्य समाज

**टीम एक्शन इंडिया/जीन्द**
वैश्य शिरोमणि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट व अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के आह्वान बांगर की धरती पर वैश्य बिरादरी ने चुनावी बिगुल फूंका। वैश्य बिरादरी के नेताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाते हुए वैश्य समाज को सामाजिक और राजनीतिक तौर पर मजबूत होने का संकल्प लिया। वर्ष 2024 के चुनावी माहौल में खुद को ढालते हुए प्रदेश में एक सांसद लोकसभा में भेजने और 15 विधायक विधानसभा में भेजने के एकसूत्रीय लक्ष्य को हजारों द्वारा लक्ष्य लिया गया।

जीन्द के अर्जुन स्टेडियम में प्रदेश के तीन बडे वैश्य संगठनों द्वारा एकमंच पर आकर वैश्य संकल्प रैली का आयोजन किया गया।
रैली में जी समूह के चेयरमैन व पूर्व सांसद सुभाष गोयनका ने कहा कि वैश्य समाज मन, तन, आत्मा से सदैव इकट्ठा रहा है। महाराजा अग्रसेन की नगरी अग्रोहा धाम में खुदाई के काम को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 100 करोड़ रुपए की राशि देने की मांग रखी है, ताकि पुरातन तथ्यों को संजोया जा सके। उन्होंने प्रस्ताव किया कि वैश्य समाज चुनाव में समाज के ही दो लोगों के चुनाव लड़ने की स्तिथि में चुनाव के एक महीने पहले मतदान करके दोनों समाज के उम्मीदवारों में से एक को चुनेगा और उसे ही पूरा समाज समर्थन देगा। वैश्य समाज महिला आरक्षण कानून को मानते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में लाएगा। उनके प्रस्तावों का तीनों संगठन और पंडाल ने तालियां बजाकर समर्थन किया। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के वंशज देशभगत हैं। एक रुपया-एक ईंट के विचार के साथ वैश्य बिरादरी ने देश निर्माण में अहम योगदान दिया है। एकता के साथ राजनीतिक दलों पर दबाव बनाना आपका अधिकार है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि अपना जनप्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए टिकट मिलने और उसे जिताने के लिए पूरी ताकत लगाएं, तभी हम महाराजा अग्रसेन के विचार का देश बना पाएंगे।



### 'वैश्य समाज हमेशा देश की तरक्की में आगे रहा'

**अखिल** भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने कहा वैश्य समाज हमेशा देश की तरक्की में आगे रहा है। हमें मिलकर समाज को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़नी है। हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि अब समय आ गया है कि वैश्य समाज अपनी ताकत को पहचाने, संकोच को छोड़े और समाज को राजनीतिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए एकजुट हो। उन्होंने कहा कि बिरादरी को सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी बढ़ाएं। उन्होंने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, शादी और अन्य विषयों पर जागरूक होकर मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस वैश्य महाकुम्भ से राजनीतिक दलों की नींद उड़ेगी और पार्टियों में वैश्य बिरादरी को जनप्रतिनिधित्व देने की होड़ लगेगी। पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि आज महिला शक्ति को आगे लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं राजनीति के पटल पर अपने सशक्त हस्ताक्षर करेंगी और अपनी प्रतिभा से देश व समाज को मजबूत करने का काम करेंगी। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र संख्याबल से आगे बढ़ता है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वैश्य बिरादरी जागरूक होकर अपना अधिकार लेगी। रोहतक महापौर मनमोहन गोयल व करनाल महापौर रेणुबाला गुप्ता, हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के युवा प्रदेशाध्यक्ष मुनीष गोयल का भी रैली में सामाजिक बुराइयों को दूर करने पर जोर देने के साथ साथ वैश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर रहा।

# स्वच्छता अभियान में एनसीसी की भूमिका स्वच्छ राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त कर रही



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के** केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ और 2 चंडीगढ़ बटालियन एनसीसी द्वारा आज संयुक्त रूप से चंडीगढ़ के सेक्टर 31 स्थित जापानी गार्डन में संचालित एक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान,स्वच्छता रैली, भाषण प्रतियोगिता और एक विषयगत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। चंडीगढ़ के विभिन्न कॉलेजों का प्रतिनिधित्व करने वाले 180 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने इस विशेष अभियान में भाग लिया। जो 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए 1 घंटे के "श्रमदान" का योगदान देने की माननीय प्रधान मंत्री की अपील के अनुसरण में आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य सभी नागरिकों को गांधी जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी को हार्दिक श्रद्धांजलि देने के लिए "स्वच्छांजलि" के रूप में एक सामूहिक प्रयास हेतु प्रेरित करना है। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।अपने अनुशासन और समर्पण के लिए विख्यात एनसीसी कैडेट स्वच्छता पखवाड़ा में सक्रिय रूप से भाग लेकर सामुदायक रुप से सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए एक साथ आए।

# कांग्रेस सरकार बनने पर पहली कलम से लागू होगी पुरानी पेंशन स्कीमः हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज दिल्ली के रामलीला मैदान में नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम से जुड़े कर्मचारी के सम्मेलन में पहुंचकर समर्थन का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि ओल्ड पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है जो उन्हें मिलना ही चाहिए। सरकार को तुरंत कर्मचारियों की मांग मानते हुए इसे लागू करना चाहिए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस शासित राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल में कर्मचारियों को इसका लाभ दिया गया है। हरियाणा में भी कांग्रेस सरकार बनते ही पहली कैबिनेट मीटिंग में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने का ऐलान किया जाएगा।

# 'मोदी सरकार के खिलाफ बिगुल बज चुका है'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्र सरकार द्वारा नई पेंशन स्कीम लागू करने के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग को लेकर आज रामलीला मैदान की ऐतिहासिक रैली को समर्थन देने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली, पूर्व सांसद व अ0भा0क0कमेटी के असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के अध्यक्ष डा0 उदित राज, पूर्व सांसद संदीप दीक्षित सहित कई बड़ी संख्या में पूर्व विधायक भी शामिल हुए। सरकारी कर्मचारियों की रामलीला मैदान की रैली से मोदी सरकार के खिलाफ विगुल बज चुका है, 2024 में भाजपा का तय है क्योंकि देश भर के सरकारी मोदी सरकार के खिलाफ मतदान करेंगे। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि मैं रैली में मौजूद सभी सरकारी कर्मचारियो को बताना चाहता हूँ कि कांग्रेस ने हमेशा कर्मचारियों के हितों को सर्वोपरि रखा है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जिन राज्यों में सरकारें है, वहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी और राहुल गांधी जी के आदेशानुसार पुरानी पेंशन को लागू किया जा रहा है। रैली को सम्बोधित करते हुए लवली ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूॅ कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आने पर सबसे पहले सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किया जाऐगा और उसके साथ-साथ अनुबंधित गेस्ट टीचरों व अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी तुरंत प्रभाव से नियमित किया जाऐगा। लवली ने कहा कि देशवासियों के हितों, गरीबों, असहायों और पिछड़ां की लड़ाई हमारे नेता राहुल गांधी मोदी की निरंकुश सरकार के खिलाफ अकेले लड़ रहे है।

**साधा निशाना**

**= दिल्ली में कांग्रेस की सरकार आने पर सबसे पहले पुरानी पेंशन स्कीम कर्मचारियों को नियमित करेंगे: अरविन्दर सिंह**

# राजपूतों ने किया जन संवाद कार्यक्रम का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**जिला के पीडल** गांव में लोगों ने सड़कों पर बैठकर कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी के जन संवाद कार्यक्रम का विरोध किया। विरोध को देखते हुए सांसद को अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। सांसद के आने की सूचना पर राजपूत समाज के लोग कैथल पटियाला स्टेट हाइवे पर पर एकत्रित हो गए थे। कैथल में सम्राट मिहिर भोज प्रतिमा अनावरण पर राजपूत समाज में रोष है। इस दौरान ग्रामीणों ने काले झंडे लेकर सांसद सैनी व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध कर रहे राजपूत समाज के लोगों का कहना था कि राजपूत समाज ने प्रदेश के राजपूत बहुल 1300 गांवों में भाजपा नेताओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। राजपूत समाज के नेता राजपाल राणा ने कहा उनका विरोध किसी वर्ग विशेष से नहीं है, बल्कि बीजेपी सरकार की नीतियों के खिलाफ है। राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार राजपूत समाज की नाराजगी को हलके में ले रही है, लेकिन सरकार ये भूल गई है कि देश में राजपूत समाज के 8 प्रतिशत वोट हैं। जो किसी भी सीट की जीत को हार में बदलने के लिए काफी हैं। शनिवार देर शाम को हल्का गुहला के गांव पीडल समेत दुसेरपुर, भूना सौथा और मलिकपुर में जन संवाद कार्यक्रम था। जिसको लेकर गांव पीडल में लोग विरोध करने लगे। अधिकारियों को जैसे ही पीडल में सांसद का विरोध होने की सूचना मिली तो चीका थाना प्रभारी राजेश कुमार पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे। लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन वो हटने को तैयार नहीं हुए।



## संपादकीय

# बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंतन

**वैश्विक** स्तरपर बढ़ते प्रौद्योगिकी, तकनीकी और डिजिटलाइजेशन के चलते जहां एक और दुनियां को बहुत लाभ मिले हैं तो इसके कुछ दुष्टपरिणाम भी हुए हैं। मसलन आर्थिक अपराधों में वृद्धि, ऑनलाइन गड़बड़ियां,डाटा चोरी सहित सबसे अधिक दूषित बढ़ती पोर्नोग्राफी की क्लिप व फिल्मों के आसानी से अनेक एप्स के द्वारा मोबाइल फोन पर उपलब्धि से यौन शोषण के मामलों में वृद्धि होनें को रेखांकित करना जरूरी है। जैसा कि हम देख रहे हैं आज छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइलें आ गई है और वह किस तरह के प्रोग्राम, क्लिप देखते हैं हम अंदाज नहीं लगा सकते। बस!! यही से हमें दुष्परिणाम मिलने शुरू हो जाते हैं। हालांकि सरकार ने इसकी सुरक्षा में संशोधित यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पास्को) अधिनियम 2012 बनाया है जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध,रेप की श्रेणी में आता है।पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत आपसी सहमति से यौन संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र अभी 18 साल है। यानि 18 साल से कम उम्र की लड़की के साथ उसकी सहमति से भी संबंध को रेप ही माना जाता है। इसके चलते किशोरवय रिश्तों से पनपे यौन सम्बंध भी अपराध के दायरे में आ जाते है। विभिन्न हाई कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट इसपर अपनी चिंता जाहिर करचुके हैं। नवंबर 2022 में कर्नाटक हाई कोर्ट ने लॉ कमीशन से इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करने का आग्रह किया था, इसी तरह मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी कहा था। उधर 2021 में संसदीय समिति ने भी उम्र 18 से घटकर 16 करने की सिफारिश की थी, जिसका मामला विधि आयोग को सोपा गया था, जिसने 27 सितंबर 2023 को अपनीं 283 वीं रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंप दी, जिसमें पोक्सो एक्ट के तहत अपनी सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र 18 से घटकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। चूंकि यह मामला बच्चों के बढ़ते यौन शोषण पर चिंता का है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम 2012 में सबूत के अभाव व नाबालिक अपराधी की आड़ में छुटने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम विधि आयोग की 283 वीं रिपोर्टकी करें तो, लॉ कमीशन पॉक्सो एक्ट के तहत आपसी सहमति से यौन सम्बंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने के पक्ष में नहीं है। सरकार को सौंपी अपनी 283 वीं रिपोर्ट में आयोग ने कहा है कि आपसी सहमति की उम्र को 18 से घटा कर 16 करने के दुष्परिणाम होंगे, इसका असर बाल विवाह और बच्चों की तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान पर पड़ेगा। आयोग का कहना है कि ऐसे दौर में जब बच्चों के खिलाफ साइबर स्पेस में यौन अपराध और फुसलाकर अपराध की घटनाएं बढ़ रही ऐसी किसी भी कोशिश के गंभीर परिणाम होंगे।आपसी सहमति के मामलों में पॉक्सो एक्ट मेंसंसोधन का सुझाव हालांकि आयोग ने ऐसे केस में जहां पीड़ित 16 या उससे अधिक उम्र की हो और यौन सम्बन्धों के लिए लड़की की मूक सहमति है, पॉक्सो एक्ट में संसोधन के लिए विशेष सुझाव भी दिये है ताकि ऐसे मामलों में सजा निर्धारित करते वक्त जज केस के तथ्यों को ध्यान में रखकर फैसला ले सके।आयोग ने कहा है कि

# पाकिस्तान की राह पर कनाडा



प्रेम शर्मा

> विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा में कनाडा का मुद्दा छाया रहा है। सवाल यह है कि क्या कनाडा दूसरा पाकिस्तान बन गया है ? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए

**कनाडा** पूरी तरह से अब पाकिस्तान के रास्ते चल रहा है। अगर पाकिस्तान आतंकियों को शरण देकर भारत सहित पूरी दुनिया का दूश्मन बना है तो कनाड़ा खालिस्तानीयों और आतंकियों के लिए पनाह देकर पाकिस्तान की कनाडा राह पर है। पंजाब में जो नौजवान मौजूदा व्यवस्था से नाराज हैं और लंबे वक्त से बेरोजगार हैं, उन्हें खालिस्तान-समर्थक एक खास चिट्ठी देते हैं। उसी के आधार पर उन्हें आसानी से कनाडा का वीजा मिल जाता है। लोकसभा सांसद सिमरनजीत सिंह मान ने ऐसी चिट्ठी की पुष्टि की है। चिट्ठी लेने वाले 35,000 रुपए से एक लाख रुपए अथवा डेढ़-दो लाख रुपए तक का चंदा पार्टी को देते हैं। कनाडा जाने वाले ऐसे पंजाबियों को वहां प्लंबर, ड्राइवर, सेवादार, मैकेनिक, पाठी और रागी आदि के काम भी दिलवा दिए जाते हैं, लेकिन खालिस्तान के भारत-विरोधी धंधों में भी उन्हें शामिल किया जाता है। कनाडा में ऐसे 30 गुरुद्वारे बताए जाते हैं, जिनका पूरा नियंत्रण खालिस्तानियों के पास है। भारतीय पंजाब से जाने वाले ऐसे नौजवानों को इन गुरुद्वारों में ही रहने-ठहरने की जगह दी जाती है। धीरे-धीरे खालिस्तान-समर्थकों की एक फौज तैयार हो जाती है, जो कनाडा के ही नागरिक बना दिए जाते हैं। वे खालिस्तानी ही भारतीय दूतावासों और संस्थानों पर धावा बोल कर प्रदर्शन करते हैं, लेकिन कनाडा सरकार कोई कारगर कार्रवाई नहीं करती। दोनों देशों के बीच अब यह विवाद और तनाव कूटनीतिक रंग लेता जा रहा है। हालांकि भारत की तरफ से उसे कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। ट्रूडो सरकार के हालियॉ बयान के खिलाफ भारत का सबसे बड़ा एक्शन, कनाडा के लोगों के वीजा पर लगाई गई रोक! भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा का नाम लिए बिना ही संयुक्त राष्ट्र आम सभा में कहा है कि राजनीतिक सुविधा के लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करना गलत है।अमेरिका दौरे के अंतिम चरण में शनिवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर कनाडा सरकार को ठोस संदेश दिया कि उसे भारत की भौगोलिक अखंडता के खिलाफ काम करने वाले उग्रवादी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी। इस मुद्दे पर भारत को सलाह देने वाले देशों की तरफ इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा



कि जिस तरह से भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा हुई है और उन्हें धमकी दी गई है, वैसा किसी दूसरे देश के राजनयिकों के साथ होता तो क्या इसी तरह का रवैया अपनाया जाता। उन्होंने कहा, हमारे मिशन पर बम फेंके गए। वाणिज्य दूतावासों के सामने हिंसा हुई और पोस्टर लगाए गए। क्या आप इसे सामान्य मानते हैं? कनाडा में जो हो रहा है, उसे सामान्य घटना मत बनाइये।विदेश मंत्री ने कहा,कुछ वर्षों से कनाडा सरकार के साथ हमारी समस्या चल रही है। वर्तमान समस्या वास्तव में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा की अनुमति के इर्द-गिर्द घूमती है। यह अनुमति इस तथ्य से भी झलकती है कि कुछ महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण अनुरोधों का कनाडा की ओर से जवाब नहीं दिया गया है। जयशंकर ने साफ किया कि कनाडा के साथ बातचीत करने की संभावना अभी खत्म नहीं हुई है। विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा में कनाडा का मुद्दा छाया रहा है।

सवाल यह है कि क्या कनाडा दूसरा पाकिस्तान बन गया है ? खालिस्तानी आतंकवाद और हिंसा को लेकर दोनों देश आपस में साजिशें रच रहे हैं। पाकिस्तान में सरेआम सक्रिय रहे खालिस्तानी अब दहशत के खौफ में भी हैं, क्योंकि भारत ने आतंकी करणवीर सिंह के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा दिया है। अमूमन खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ पंजाब में नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी, हिंसा और हत्या, आपराधिक साजिश की धाराओं में कई प्राथमिकियां दर्ज हैं। समाज और देश के इन दुश्मनों को कड़े सबक सिखाए जाने चाहिए।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की जासूस एजेंसी आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों की पनाह के लिए, पाक-ईरान की पश्चिमी सीमा पर, सेना मुख्यालय में ही सेफ हाउस बना रखा है। करीब 15 आतंकियों को 12 सेफ हाउस में पनाह दी गई है। आजकल कई खालिस्तानी आतंकियों का अंतरराष्ट्रीय बेस पाकिस्तान में ही है। क्या इस संदर्भ में कनाडा-पाकिस्तान साथ-साथ नहीं है ? हालांकि खालिस्तान समर्थक 19 आतंकियों की सूची भी तैयार की गई है, जिनकी पंजाब में संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और उनकी कुर्की भी की जा सकती है।

कनाडा को, अंततः, झुकना ही पड़ेगा, क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री ट्रूडो अपनी कुर्सी बचाए रखने को झूठ बोल रहे हैं। आश्चर्य है कि एक प्रधानमंत्री ऐसे आतंकवादी की पैरवी कैसे कर सकता है, जिसके खिलाफ कई केस पंजाब में दर्ज हैं और जो 1996 में फर्जी पासपोर्ट लेकर कनाडा में घुसा था। हैरानी यह भी है कि ऐसे व्यक्ति को कनाडा का नागरिक कैसे बना दिया गया? क्या कनाडा खुद एक फर्जी देश है ?वैसे देखा जाए तो पाकिस्तान, भारतीयों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी मानवता का भी दुश्मन बना हुआ है, क्योंकि आतंकवाद का समर्थन उसकी व्यवस्थित नीति बन चुकी है। भारत में आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदारों को पाकिस्तान डंके की चोट पर पनाह देता रहा है। तथ्य ये भी है कि अल-कायदा का सरगना और 9/11 का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन भी उसी की धरती पर आराम फरमाते हुए मारा गया।

अगर कनाडा का इतिहास और वहां की मौजूदा जस्टिन ट्रूडो सरकार की नीतियों और कारगुजारियों को देखें तो वह भी मानवता के खिलाफ नीतियों में पाकिस्तान वाला ही रवैया अपना रही है। फ्री स्पीच और लोकतंत्र का झुनझुना दिखाकर दुनिया की आंखों में धूल झोंकने की कोशिशें की जा रही हैं। खालिस्तानी आतंकी भारतीय नागरिक के हत्यारे हरदीप सिंह निज्जर के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपनी संसद में जिस तरह से आंसू बहाए हैं, उससे आम भारतीय नागरिकों की जान को लेकर उनकी सोच का खुलासा हो गया है।

निज्जर की हत्या को लेकर ट्रूडो सरकार झूठे आरोपोंके सहारे कनाडा की जमीन से चल रही भारत-विरोधी गतिविधियों पर पर्दा डालने की कोशिशों में लगी हुई है; जिसके खिलाफ भारत के पास पुख्ता सबूत हैं। अगर ट्रूडो सरकार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत सरकार के साथ होती तो खुलेआम भारत को चुनौती देने वाले आतंकवादियों पर लगाम लगाने में कोताही नहीं बरतती। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कुछ दिन पहले ही कनाडा के वैंकूवर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंटों ने भारत-विरोधी एजेंडे को लेकर खालिस्तानी आतंकियों के साथ एक गोपनीय बैठक की है। इस बैठक में सिख फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू भी मौजूद था, जो भारत के खिलाफ आए दिन जहर उगलता रहता है। इस बैठक और ट्रूडो का वहां की संसद में दिए गए बयान की तारीख लगभग आसपास की ही मानी जा रही है। लोगों को याद होगा कि 1985 के विमान बम कांड में 329 लोगों के हत्यारों में अधिकतर कनाडा के नागरिक थे, जो कि लचर जांच प्रक्रिया की वजह से बरी किए जा चुके हैं। भारत के बार-बार आगाह करने के बावजूद मानवता के दुश्मनों के खिलाफ उसकी सहानुभूति पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन सकती है। कनाडा कनाडा की सरकार किसी को राजनयिक शरण देने और आतंकियों को पनाह देने में फर्क करना भूल चुकी है। कनाडा के हुक्कमरानों की इन गलतियों की सजा कनाडा के नागरिकों को भी भुगतनी पड़ सकती है।

## कविता

कर्ज तेरा है मेरे वतन पर
ए बापू गांधी सलाम तुझे
देश पर तेरे बलिदान की

गाथा गाये हमवतन सभी
तेरा है वरदान भारत गण पर
कि सांसे है आजाद सभी
नमन तेरी अहिंसा पर है
और सलाम सादगी को तेरे
अपने उच्च विचारों से तूने
तिरगे को ऊंचा मुकाम दिया
एहसान चुका न पांऊगा तेरा
ए बापू गांधी सलाम तुझे !

शत्रु की हर गुस्ताखी को
हिम्मत से तूने खाक किया
असहयोग और दांडी मार्च से

अंग्रेजों के राज काज को

भारत छोड़ने पर मजबूर किया
अदम्य साहस से वाकिफ हैं
विश्व समस्त के राष्ट्र सभी
अचम्भित है तेरे हाड मॉस से
दुनिया भर के विद्वान सभी
बिन हिंसक आन्दोलन के तेरे का

लोहा सभी अब मान गए
एहसान चुका न पांऊगा तेरा
ए बापू गांधी सलाम तुझे !

मुनीष भाटिया

# गांधी की खादी हो गई सफेद हाथी

आज 2अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती है और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी है।भारत के सर्वमान्य जननेता जिनकी कथनी करनी में कभी कोई अंतर नहीं रहा।सामान्य कद काठी के इस महामानव के कार्य असाधारण रहे ।आज के इस हिंसक वातावरण में जहां असहिष्णुता बढ़ती जा रही हो ,गांधीवाद और अधिक प्रासंगिक है।गांधी विचार और गांधी दर्शन कभी भी अप्रासंगिक हो ही नहीं सकते क्योंकि गांधीवाद जीवनशैली है जो सत्य सनातन और कालजयी है।ऐसा कहा सुना जाता है की युवाओं में गांधी दर्शन और गांधी विचार धारा कम लोकप्रिय हैं,लेकिन यहां मेरी असहमति है।दरअसल जान बूझकर कुछ अतिवादियों द्वारा गांधी दर्शन के विषय में मिथ्या प्रचार प्रसार कर "मजबूरी का नाम महात्मा गांधी बताया जाता रहा है।" इन सबके बावजूद महात्मा गांधी भारतीयों के लोकमानस में जनचेतना में रचे हैं बसे हैं।गांधीवाद क्यों अप्रासंगिक नहीं हो सकता है वजह स्पष्ट है कि गांधी जी ने पूरे भारत को करीब से देखा सुना और महसूस किया है, ओके कासन को देखकर सूट बूट त्याग कर धोती धारण कर ने वाले गांधीजी जिन्होंने पग पूरे भारत को नापा है,लोक जन मन को समझा है ।तभी तो अहिंसा शक्तिशाली का शस्त्र है।गांधी जी की रामराज्य की अवधारणा चिरस्थाई है ।राजनैतिक सत्ताओ की रहीशियों ने जरूर गांधीजी के नाम पर वोटों की खूब फसलें काटी लेकिन गांधीजी के नाम पर सिर्फ भवन, स्मारक और मूर्तियां ही लगाई।सबसे बड़ी भूल गांधीजी की खादी को भुलाने की की गई।

खादी आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन आज खादी "सफेद हाथी" बन गई है ,गांधी जयंती के अवसर पर भले सरकारों द्वारा खादी पर विशेष छूट का प्रावधान किया जाता है लेकिन शेष वर्ष भर भुला दिया जाता है।होना यह चाहिए था की समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सभी शासकीय कार्यालयों में खादी के वस्त्र अनिवार्य होते, खादी की कताई बुनाई भारत के सभी विद्यार्थियों हेतु अपरिहार्य और अनिवार्य होना चाहिए था ,लेकिन ऐसा हो नहीं पाया ।मेरी पीढ़ी के लोगों ने तो इस हाड़ मांस के सामान्य कद काठी के महामानव को भारत में चलते नहीं देखा लेकिन सरकारों ने भी आम जन युवाओं को गांधी दर्शन गांधी विचार का चिंतन मनन करने का सुअवसर भी नहीं दिया ।इस संसार में तीन सबसे बड़ी उपाधियां हैं,वीर,शहीद,और संत की इस अहिंसा के पुजारी को शांति के अग्रदूत को निर्विवाद रूप से तीनों उपाधियां दी गई हैं।गांधी और शांति एक दूसरे के पूरक हैं और आज विश्व की मानवता को अगर सबसे ज्यादा जरूरत है तो "शांति" की और उसके लिए "गांधी दर्शन" की ,"गांधी विचार" की ,"गांधी साहित्य" की।"

रामराज्य"कभी भी वैर भाव ,काटानाशी, खून खराबा ,साम्राज्यवाद के कुत्सित भाव से नहीं आएगा उसके लिए गांधी को पढ़ना होगा गण गण में गुण विकसित हो, कण कण से कायरता भागे। मन मन में भद्र भाव उमगे, जन जन में नैतिकता जागे ।समता स्वतंत्रता के बंधु भाव से गूंज उठे पृथ्वी सारी,यह लोक सत्य सुंदर हो मानवता मंगलकारी।*

## विचार

# सहजता,सरलता और इमानदारी के पर्याय लाल बहादुर शास्त्री

संजीव

**आज** की भारतीय राजनीति में यह अविश्वसनीय ही लगेगा इस देश में एक ऐसे ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ और देश के प्रति अपना सर्वस्व त्यागने वाले लाल बहादुर शास्त्री ने अपनी जीत की पूर्ण संभावना के बाद भी यह कहा हो कि" यदि एक व्यक्ति भी मेरे विरोध में हुआ, तो उस स्थिति में प्रधानमंत्री बनना नहीं चाहूंगा", भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही स्वाभिमानी महान राजनेता थे, जिन्होंने पद को नहीं बल्कि देश के हित को सर्वोपरि माना था। 27 मई 1964 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की मृत्यु के बाद देश को साहस और निर्भीकता से नेतृत्व देने वाले नेता की परम आवश्यकता थी। मोरारजी देसाई तथा जगजीवन राम जैसे नेता सामने आए थे, इस पद की गरिमा और प्रजातांत्रिक मूल्यों को देखते हुए शास्त्री जी ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था। 2 जून 1964 को कांग्रेस के संसदीय दल ने एक मतेन और सर्वसम्मति से लाल बहादुर शास्त्री को अपना नेता स्वीकार किया और 9 जून 1964 को लाल बहादुर शास्त्री जी को देश का दूसरा प्रधानमंत्री मनोनीत किया गया। 1920 को अपनी पढ़ाई छोड़ कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए वे स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े, बाद में गांधी जी की प्रेरणा से ही उन्होंने काशी विद्या पीठ में प्रवेश लेकर 1925 में शास्त्री की उपाधि प्राप्त की, और अपने जन्म से चला आरहा जातिसूचक शब्द "श्रीवास्तव" हमेशा के लिए हटा लिया तथा अपने नाम के आगे शास्त्री लगा दिया था। इसके उपरांत अपने को देश की सेवा में न्योछावर कर दिया। अपना पूरा बचपन संघर्षों से गुजारने के बाद शास्त्री जी एक तपे हुए इमानदार राजनेता की तरह उभरे।

1930 में स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चलाए जा रहे नमक आंदोलन में हिस्सा लेकर वे जेल चले गए। उनका देश के प्रति समर्पण देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश कांग्रेस का महासचिव बनाया गया। स्वतंत्रता आंदोलन मैं हिस्सा लेने के लिए देश के इस महान सपूत को बहुत यातनाएं भी झेलनी पड़ी और जीवन काल में कई बार जेल भी गए। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें फिर से जेल भेज दिया गया था। पद और प्रतिष्ठा, लोभ, लालच से सदैव दूर रहने वाले लाल बहादुर शास्त्री जी स्वतंत्रता के बाद अनेक मंत्रालयों के मंत्री पद से शुभोषित भी किया गया, गोविंद वल्लभ पंत के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कालखंड में शास्त्री जी को पुलिस मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया और इसी पद में रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारंभ करवाया था। 1952 में जवाहरलाल नेहरु जी ने उन्हें केंद्रीय रेल मंत्री नियुक्त किया और 1956 में देश में हुई एक बड़ी रेल दुर्घटना की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिक आधार पर अपना त्यागपत्र पेश कर एक मिसाल कायम की, जो आज पर्यंत तक अनुकरणीय है। नेहरू जी के कार्यकाल में वे परिवहन संचार वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भी संभालते रहे। 1961 में उन्हें पंत जी की मृत्यु के बाद गृह मंत्रालय का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। सभी महत्वपूर्ण पदों पर ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ सभी पदों को सफलतापूर्वक निभाने के कारण शास्त्री जी को 1964 में देश का दूसरा प्रधानमंत्री बनाया गया।

शास्त्री जी कठिन से कठिन परिस्थितियों में सहजता, निर्भीकता, और संपूर्ण धैर्य के साथ सामना करने की अद्भुत क्षमता थी । प्रधानमंत्री के पद में रहते हुए भी सादगी ईमानदारी और निष्ठा की एक अनोखी मिसाल उन्होंने कायम की थी। 1965 में पाकिस्तान ने भारत के साथ युद्ध करने का दुस्साहस दिखाया था तब लाल बहादुर शास्त्री ने "जय जवान जय किसान" का नारा देकर भारत के वीर जवानों को राष्ट्र की रक्षा के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित किया था, दूसरी तरफ किसानों को अन्न ज्यादा से ज्यादा पैदा करने के लिए ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान की थी। 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत को अभूतपूर्व विजय प्राप्त हुई थी। और देश में अन्न का भंडार भी परिपूर्ण हो गया था। अपनी ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा सूझ बुझ और निर्भीकता से लाल बहादुर शास्त्री ने कार्यकाल में देश में आई अनेक गंभीर समस्याओं का सरलता से समाधान भी किया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बच्चों में कैंसर जानलेवा हो उसके पहले ही मात देना होगी

मनमोहन प्रकाश

**यह** हमारा सौभाग्य है कि हम सब वैज्ञानिक युग में जीवन यापन कर रहे हैं। वैज्ञानिकों ने जीवन को जहां एक ओर सरस,सरल, और आराम दायक बनाया है वहीं चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति कर रोगों की पहचान को सटीक और इलाज को कारगर बनाया है। रोगों से होने वाली मृत्यु दर को बहुत कम किया है। इंसान की औसत आयु को बहुत बढ़ाया है। पिछले दशकों में जो रोग असाध्य थे उन्हें साध्य बनाया है। जटिल से जटिल लाइलाज बीमारी का भी इलाज संभव किया है। अब तो भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र,ई-संजीवनी राष्ट्रीय टेलीमेडिसिन सर्विस जैसी कई योजनाएं गरीबों को इलाज में मदद कर रही हैं।इसी तर्ज पर राज्य सरकारों की भी स्वास्थ्य संबंधी कई योजनाएं प्रचलन में हैं। आज आवश्यकता है इन योजनाओं की जानकारी रखना और उसका लाभ उठाना। समाज में कैंसर रोग को असाध्य, कष्टप्रद माना जाता रहा है।यह एक ऐसी बीमारी है जिसकी पहचान होते ही मरीज के साथ उसका पूरा परिवार मरीज की सांसें गिनने लग जाता है, परिजनों की नींद उड़ जाती है ऊपर से महंगे और लंबे चलने वाले इलाज के कारण आर्थिक चिंता एवं मानसिक पीड़ा सताने लगती है। ऐसा कहा जाता है कि मरीज में आत्म बल, सकारात्मक सोच,रोग को मात देने की प्रबल इच्छा शक्ति,सही समय पर सही ईलाज, चिकित्सक के निदेशों का पूरे विश्वास से पालन तथा परिजनों का सहयोग किसी भी जटिल से जटिल रोग को मात देने के लिए बहुत जरूरी हैं। मरीज को और उसके परिजनों को यह भी समझना आवश्यक है कि चिकित्सा विज्ञान ने बहुत से रोगों को साध्य बनाया है। उसमें कैंसर भी शामिल है। वैसे तो कैंसर के प्रकरण सभी उम्र और लिंग में देखने को मिल रहे हैं किन्तु चिंता का विषय यह है कि यह रोग बच्चों को न सिर्फ शिकार बना रहा है अपितु रोगी को घातक स्थितियों में पहुँचा रहा है। इस रोग से होने वाली मृत्यु दर का आंकड़ा भी चिंता का विषय बना हुआ है।

आंकड़े बताते हैं कि भारत में 15 वर्षों से कम उम्र के बच्चों में होने वाली मृत्यु दर के लिहाज से दुर्घटना के बाद कैंसर दूसरे स्थान पर है।

जबकि 15 से 19 वर्षों के युवाओं

## तीन बंदर और हम

डॉ. सुरेश कुमार

**सुन बेटा!** कल वर्मा अंकल आने वाले हैं। जल्दी से जाकर ब्लैक डॉग ले आ। उनके आवभगत में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने ही तेरा कॉलेज में एडमिशन करवाया था। तेरे अंक देखकर तो सरकारी कॉलेजों ने भी हाथ जोड़ लिए थे। वह तो भला हो वर्मा अंकल का जिन्होंने अपने जोड़-तोड़ से तेरा भला कर दिया। पत्नी बीच में बोल उठी किस वर्मा जी की बात कर रहे हैं? वही न जिन्होंने पिछले साल अपनी पत्नी को जला दिया था या कोई और। वैसे जो भी हों आप उन्हें कल क्यों बुला रहे हैं? बड़ी मुश्किल से एक छुट्टी का दिन मिलता है। वह भी आपकी वजह से बेकार जाने वाला है। फेशियल करवाएँ बहुत दिए हो गए। सोचा मिसेज शर्मा से करवा लूँ। आप तीन-चार दिन पहले बता देते तो फेशियल का प्रोग्राम बदल लेती न! अरे भाग्यवान! भूल गई जिनके हेयर स्टाइल और चश्मे को देखकर गांधी-गांधी कहती हो वही तो हैं वर्मा जी। अब मैं उन्हें कल नहीं बुलाऊंगा तो वर्किंग डे के दिन बुलाऊँगा। इसी महीने हमने मनाली जाने की भी योजना बनाई है न! फिर उन दिनों के लिए छुट्टियाँ कहाँ से लाऊँगा? वैसे भी छुट्टी के दिन मैं ऐसे लोगों को निपटा देना चाहिए। आगे उनसे बहुत काम है। अगर खातिरदारी नहीं करेंगे तो हमारे गधे जैसे बच्चों का बेड़ा कौन पार लगाएगा? इतना कहते हुए पिता बेटे से कहने लगे, अच्छा एक और चीज। एक किलो मटन और एक किलो चिकन भी ले आना। साथ में उनका पसंदीदा गुटखा और सिगरेट की डिबिया ले आना मत भूलना। बेटा बाजार चला गया। इधर पत्नी से कहने लगे, वर्मा को शराब के साथ चटकारे लेते हुए कबाब और चिकन पकौड़े खाने का बड़ा शौक है। तुम अपने हाथों से बना देना। मैं उनसे कह दूंगा कि होटल से मंगवाया हूँ। वह मेरी हर बात मानते हैं। देखो भाग्यवान कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। तभी बिटिया बीच में बोल उठी, पापा कल मैं अपनी सहेली के पास जाकर गणित का अभ्यास करना चाहती हूँ। वह बहुत अच्छा समझाती है। पिता ने आव देखा न ताव एक जोरदार तमाचा जड़ते हुए कहा, कहीं जाने की जरूरत नहीं है। जो पढ़ रही हो उतना काफी है। पढ़-लिखकर कौन-सा तुम्हें कलेक्टर बनना है।

## न्यूज फ्लैश

### सुभाष चंद्र ने घरौंडा नगरपालिका में किया स्वच्छता श्रमदान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अपील पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज घरौंडा नगरपालिका में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक स्वच्छता श्रमदान किया गया। उन्होंने लोगों से कहा कि वे अपने आसपास साफ–सफाई बनाए रखें, इससे जहां वातावरण स्वच्छ रहता है, वहीं हमारा शरीर भी बीमारियों से बचा रहता है। उन्होंने स्वच्छता श्रमदान कर सभी को सार्वजनिक स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। इस दौरान उनके साथ नगरपालिका चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, एसएमओ घरौंडा मुनेश गोयल, आयुष विभाग प्रबन्धक डॉ. विनोद गुप्ता, सचिव घरौंडा प्रिंस, अनिता व करणदीप नर्सिंग ऑफिसर, सहयोग इंटरनेशनल ट्रस्ट के प्रधान योगेश परुथी, सचिव सुमित सिंगला, विशाल बजाज, शमशेर, तरुण बत्रा, सुमित बंसल, नीरज गुप्ता, संदीप लोहट, सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र स्टाफ सदस्य व अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे मौजूद रहे।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'देश को स्वच्छ बनाने के लिए आगे आ रहे नागरिक'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम करनाल की ओर से रविवार को शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड अनुसार निगम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने वार्ड पार्षद के साथ सम्बंधित क्षेत्र में केन्द्र सरकार के निदेर्शानुसार एक घण्टा-एक तारिख को लेकर श्रमदान किया। श्रमदान प्रातः 10 बजे शुरू हुआ। इससे पूर्व उपस्थित सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। श्रमदान के पश्चात गारबेज फ्री इंडिया थीम को लेकर स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षकों की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जन समूह को जागरूक किया गया।

श्रमदान कार्यक्रम में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने वार्ड नम्बर 11 के मॉडल टाउन क्षेत्र में पार्षद प्रतिनिधि गिन्नी विर्क व जोन इंचार्ज संदीप कुमार तथा सफाई कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने वार्ड नम्बर 12 स्थित रेलवे स्टेशन परिसर में जोन इंचार्ज मनदीप सिंह, रेलवे अधिकारियों व समाजसेवी संस्थाओं के साथ श्रमदान किया। वार्ड 15 व 16 में अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार ने पार्षद युद्धवीर सैनी व रजनी परोचा तथा जोन इंचार्ज प्रवेश कुमार, वार्ड 17 व 18 में संयुक्त आयुक्त अदिति ने पार्षद जोगिन्द्र शर्मा व हरीश कुमार व जोन इंचार्ज उषा रानी, वार्ड 19 में वरिष्ठ उप महापौर राजेश अग्घी व मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, वार्ड 20



में पार्षद मोनू ने, वार्ड 1 में उप महापौर नवीन कुमार व कार्यकारी अभियंता सतीश शर्मा, वार्ड 2 में पार्षद बलविन्द्र सिंह व जोन इंचार्ज गुलाब सिंह ने श्रमदान किया।

इसी प्रकार वार्ड 7 व 8 में अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह ने पार्षद सरिता कालड़ा व मेघा भंडारी के साथ 1 घण्टा श्रमदान किया। वार्ड 9 व 10 में उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा व पार्षद मुकेश अरोड़ा तथा वीर विक्रम कुमार, वार्ड 3 व 4 में कार्यकारी अभियंता नरेश त्यागी व पार्षद प्रतिनिधि पप्पू लाठर तथा भौपेन्द्र नौतना, वार्ड 5 व 6 में कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा ने पार्षद जय भगवान व नीलम देवी तथा वार्ड 13 व 14 में कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी ने पार्षद ईश कुमार गुलाटी तथा रामचन्द्र के साथ मिलकर 1 घंटे तक श्रमदान कर अपने वार्ड में साफ-सफाई की।

श्रमदान के दौरान सभी हाथ में झाडू व पंजी लेकर सडकें, गलियां, मार्किट क्षेत्र व खाली प्लॉट इत्यादि की साफ-सफाई में लगे रहे और कचरे की ढेरी बनाते गए। कुछ सफाई कर्मी पीछे चल रही रेहडियों, ट्रिप्पर व ट्रैक्टर-ट्राली में एकत्रित कूड़े-कचरे को साथ-साथ डालते रहे, ताकि साफ-सफाई बनी रहे।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता है, तो स्वस्थता है और स्वस्थता है, तो समृद्धता है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद कर कहा कि वह स्वच्छता को ईश्वरतुल्य मानते थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसी संकल्प को लेकर देशभर में स्वच्छता से जुड़ी अनेक गतिविधियां चला रहे हैं, ताकि सम्पूर्ण भारत को स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व से हरियाणा में स्वच्छ भारत मिशन को अत्याधिक बल मिला, जिससे कि प्रदेश के शहर राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ शहरों की श्रेणी में गिने जाते हैं। उन्होंने सफाई कर्मियों का यह कहकर धन्यवाद किया कि आज उन्हीं की वजह से ही करनाल शहर साफ-सुथरा है।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कहा कि जन-जन को स्वच्छता के साथ जोडकर सम्पूर्ण राष्ट्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए देशभर में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस दौरान वर्तमान पीढी और समुदायों व समाजसेवी संस्थाओं को साथ लेकर स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियां एवं अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। गारबेज फ्री इंडिया थीम पर ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों को रखा गया।

## '2 से 18 अक्तूबर तक होगा कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आउटरीच कार्यक्रम के तहत अक्टूबर माह में जिला करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करके कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत प्रदान की गई विभिन्न योजनाओं के बारे में आम जनता को जागरूक करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्तूबर को जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई मुहिम तथा 7 अक्तूबर को न्यायिक परिसर के एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न सामाजिक विषयों, जेजे एक्ट व नालसा द्वारा चलाई योजनाओं बारे कानूनी जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड़, श्रद्धानंद अनाथालय, हरियाणा राज्य बाल भवन मधुबन तथा माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी विकलांग केंद्र में बच्चों के लिए मेडिकल कैम्प आयोजित होंगे।

## स्वच्छता है हमारे जीवन का अभिन्न हिस्साः योगेंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** देश वर्तमान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के साथ स्वच्छता का पखवाड़ा मना रहा है, जिसका थीम कचरा मुक्त भारत है। सामूहिक रूप से एकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता के आह्वान से प्रेरित होकर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य पर एक दिन एक घंटा श्रम दान करके स्वच्छता के महा अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज जुंडला मंडल के गाँव कतलाहेड़ी के सरकारी स्कूल में सभी स्कूल स्टाफ के साथ सफाई अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि स्वच्छता हमारे स्वस्थ जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है और बिना स्वच्छता के जीवन



शायद मुमकिन ही नहीं। क्योंकि गंदगी कीटाणुओं का घर होता है, जो विभिन्न प्रकार कि बिमारियों को जन्म देता है। हम बच्चों को शुरू से कुछ अच्छी आदतें सिखाते हैं और अपने वातावरण को भी साफ रखना सिखाते हैं। हमारे शारीरिक स्वच्छता के साथ-साथ आसपास की जगहों की सफाई भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने देश को भी साफ. सुथरा रखें। भारत हमारे घर जैसा है और जैसे हम अपने घर को साफ रखते हैं, वैसे हि हमें अपने देश के बारे में भी सोचना चाहिये। हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक विचारों कि शुद्धि जितनी आवश्यक है, उतनी ही आवश्यक है हमारे आसपास की सफाई। तो एक जिम्मेदार नागरिक बनें और स्वच्छता को अपनाएं। इस मौके पर गांव के सरपंच सुनील कुमार, मंजूरा गांव के सरपंच बाबू राम, अलीपुर के सरपंच केवल सिंह, गुल्लरपुर से पूर्व सरपंच विनोद भाई, गांव के ही पत्रकार फौजी खेमचंद, शमशेर भाई, जुंडला से सुरेंद्र जानी व सतपाल जैन, जिला उपाध्यक्ष संजय राणा, गाँव ओंगद से मण्डल उपाध्यक्ष सुभाष राणा व साहब सिंह गोंदर, गांव मंजूरा से मलखान सिंह, गांव कतलाहेड़ी से बलवान सिंह, सभी कार्यकर्ता साथी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## रैपिड एक्सन फोर्स की टुकड़ी ने थाना निसिंग व कुंजपुरा में किया परिचित अभ्यास

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **राकेश** कुमार सिंह कमांडेंट के निर्देशन में विनोद रावत द्वितीय कमान अधिकारी के सुपरविजन व भीम सिंह मीणा सहायक कमांडेंट के नेतृत्व में बी/194 रेपिड एक्सन फोर्स की एक टुकड़ी ने आज छठे दिन निसिंग थाना व कुंजपुरा थाना में परिचित अभ्यास किया। इसी क्रम में आज टुकड़ी ने निसिंग थाना प्रभारी अजैब सिंह और कुंजपुरा थाना प्रभारी तरसेम चन्द से भेंट की एवं उनके क्षेत्राधिकार के गांवों में जाकर पूर्व की घटनाओं या संवेदनशीलता के बारे में जानकारी




प्राप्त की तथा गाँवों निसिंग, गोंदर, डाचर, कूचपुरा, मोहमद्पुर, खैराजपुरा व कुंजपुरा में फ्लैग मार्च व मोबाईल पेट्रोलिंग के द्वारा ग्रामीणों को शांति व सद्भाव का संदेश भी दिया। इसके साथ ही टुकड़ी ने थाना क्षेत्रों के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ भेंटकर इलाके के बारे में विस्तार से चर्चा की।

## 2 किलो 340 ग्राम गांजा पत्ती सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **सीआईए** वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी श्याम सुंदर मंडल पुत्र दिया राम मंडल निवासी कुल्हारी थाना लोकाही जिला मधुबनी बिहार को सेक्टर 16 टी-प्वाइंट से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 340 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह गांजा पत्ती बिहार से अनजान व्यक्ति से लेकर आया था, जिसे वह चलते फिरते नशा करने वालों को छोटी-छोटी मात्रा में बेच देता है।

## मेयर मदान ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** **इंटरनेशनल** डे फॉर एल्डर्स। (अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस) पर मेयर निखिल मदान ने शहर के वरिष्ठ नागरिकों को दी शुभकामनाएं एवं बड़े बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद।
सेक्टर 15 कम्यूनिटी सेंटर में सोनीपत सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन एवं आर्य समाज मंदिर सेक्टर 14 में वरिष्ठ नागरिक परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मेयर निखिल मदान।
सोनीपत : मेयर निखिल मदान ने रविवार को इंटरनेशनल डे फॉर एल्डर्स, अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के मौके पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सेक्टर 14 के आर्य समाज मंदिर पहुंचे मेयर निखिल मदान ने सभी बड़े बुजुर्गों को इंटरनेशनल डे फॉर एल्डर्स की शुभकामनाएं दी। मेयर निखिल मदान ने कहा जीवन में सफल होने के लिए और अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद बेहद जरूरी है। वह आज जिस भी मुकाम पर पहुंचे हैं वह बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद की ही देन है। साथ ही वो ये मानते हैं कि बड़े बुजुर्गों का सम्मान हमें वर्ष के हर दिन करना चाहिए और उनके प्रति कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 15 के कम्युनिटी सेंटर में पहुंचकर सोनीपत सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यक्रम में शिरकत की और वहां उपस्थित सभी लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी और उनका आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि उन्हें जब भी इस तरह के कार्यक्रमों में जाने का मौका मिलता है तो वह अवश्य जाते हैं और बड़े बुजुर्गों के अनुभव से सीखने का प्रयास करते हैं।

## समझे थे जिसे कोयल, वो कौआ निकला..

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** विकास क्लब साहित्य कला मंच की ओर से रविवार को कुंजपुरा गांव के रामलीला भवन में आयोजित मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने श्रोताओं को बांध दिया। मुख्य अतिथि विख्यात साहित्यकार रमेश चंद्र पुहाल पानीपती ने खुशी जाहिर की कि एतिहासिक गांव कुंजपुरा में साहित्यिक गतिविधियां लंबे समय से जारी हैं। रचना पेश करते हुए उन्होंने कहा कि जले हैं लेकिन हम कोई दीया भी नहीं, जहर सी है जिंदगी जहर पीया भी नहीं, मौत भी अपने गले उसे लगाती है, जिसके पास जीने का कोई जरिया भी नहीं। दूसरी रचना में उन्होंने कहा कि समझे थे



जिसे कोयल वो कौआ निकला, दोस्ती के नाम पे वो सबसे बड़ा हौवा निकला।
कमलेश कुमार पालीवाल कमल ने कहा कि मुश्किलों का जवाब रखता हूं, मैं लहू से चनाब रखता हूं, दोस्ती में हर एक शै कुरबां, दुश्मनी में हिसाब रखता हूं। सोनीपत से आए डॉ. कमर रईस ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सच को जलवानुमा तो होने दो, झूठ होगा खफा तो होने दो। मंच संचालन कर रहे रामेश्वर देव ने कहा कि मुझे मालूम है गरीबी में जीवन बिताना है, मगर खुद्दारियों के साथ ये गुलशन सजाना हैण्ण्ण। क्लब के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर विचार रखे और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। शिक्षक नरेंद्र सिंह संधू ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी का बौद्धिक विकास होता है। दिलबाग कांबोज ने रचनाओं के माध्यम से हास्य रस घोला। सलिंद्र मचल, कविता मचल, पूर्णचंद शर्मा व पंकज गहलोत ने गीतों के माध्यम से सुरीली आवाज का जादू बिखेरा। प्रवीण कुमार ने हरियाणवी रागिनी पेश की। सचिन पाल दीवाना ने सुना है तेरे आंगन में सारी रात आसमां बरसता रहा, रचना पेश की।

## जिले की मंडियों में अब तक हुई 87 हजार 359 मीट्रिक टन धान की आवक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला में धान की खरीद का कार्य जारी है। गत दिनों तक जिले की मंडियों में 87 हजार 359 मीट्रिक टन धान की खरीद सरकारी एजेंसी द्वारा की गई। एजेंसियों को खरीदी गई धान का उठान में तुरंत करवाने के आदेश खरीद एजेंसी को दिए गए हैं।

## करनाल विधानसभा का जल्द होगा पन्ना प्रमुख सम्मेलन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **करनाल** में होने जा रहे भारतीय जनता पार्टी के पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। गांव पूंडरक में शक्ति केंद्र प्रमुख मदन लाल गुज्जर के निवास पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता रामनगर मंडल के महामंत्री प्रमोद नागपाल ने की। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला पहुंचे और उन्होंने करनाल में आयोजित होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही करनाल विधानसभा का पन्ना प्रमुख सम्मेलन होना है, जिसकी तैयारी के लिए आप सभी को अभी से ही जुट जाना चाहिए।
उन्होंने कहा कि कार्यकताओं एवं पन्ना प्रमुखों की मेहनत के बल पर आगामी समय में चाहे वह नगर निगम का चुनाव हो या लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा के लिए चुनाव उत्सव की तरह होते हैं और भाजपा सदा इसके लिए तैयार रहती है। भाजपा का पन्ना प्रमुख प्रत्येक वोटर तक पहुंचेगा। भाजपा देश की पहली पार्टी होगी, जिसके बूथों पर पन्ना प्रमुख होंगे।

## स्वच्छता में होता है ईश्वर का वासः डा. आशिमा मक्खड़

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** दयाल सिंह कॉलेज की स्वच्छता समिति, रेडक्रॉस सोसायटी, एनएसएस, एनसीसी आर्मी विंग व एनसीसी एयरविंग के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सामुदायिक भावना के जीवंत प्रदर्शन में, स्वच्छता पखवाड़ा मनाने के लिए कई गतिविधियों का आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने परिसर में स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को एक साथ लाया गया।
दिन की शुरूआत स्वच्छता संवाद के साथ हुई। प्राचार्य डॉ. आशिमा गक्खड़ और कार्यक्रम अधिकारी डा. तेजपाल ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की प्रासंगिकता के बारे में समझाया। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन अपने



आसपास के वातावरण को साफ रखना चाहिये और सफाई के लिए आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिये। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। कहा भी गया है, स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। अतः स्वच्छता को अपनाएँ और देश को आगे बढ़ाएँ। बेहतर साफ.-सफाई से ही भारत को आदर्श देश बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के शैक्षिक घटक के हिस्से के रूप में, स्वच्छता पर एक छोटी डॉक्यूमेंट्री एक नन्ही पहल की एक विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई। डॉक्यूमेंट्री ने विद्यार्थियों को स्थायी भविष्य की दिशा में सार्थक कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात एक बहुत ही प्यारे क्षण में कॉलेज के पांच समर्पित सफाई कर्मचारियों को उनके काम और परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए अथक प्रयास व अपने कर्तव्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक को कृतज्ञता के संकेत के रूप में प्रशंसा चिन्ह भेंट किया गया। फिर स्वयंसेवक और छात्र स्वच्छता की शपथ लेने के लिए एक समारोह में एकत्र हुए और उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# मशाल जुलूस के साथ हुई खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत

## नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में नौवी चौधरी न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
बादली विधानसभा क्षेत्र स्थित नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में नौवी चौधरी न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुए बच्चो ने अलग-अलग खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मशाल रिले से हुई और उसके बाद क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल के प्रतिभागियों ने मार्च पास्ट में भाग लिया।




दिल्ली देहात से जुड़े लोगों में खेलकूद की भावना को जगाने के लिए और उन्हें खेल के प्रति एक बेहतर अवसर प्रदान करने के मकसद से दिल्ली के समयपुर बादली में नेशन फस्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में चौधरी न्यादर सिंह यादव मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज किया गया। नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित मशाल रिले समयपुर चौक से शुरू होकर लिबासपुर के रास्ते सिरसपुर होते हुए नांगली पूना माता सुखदेवी स्कूल पर पहुंची, जहां से ग्रामीण खेलो के ओलंपिक का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी ग्रामीण पृष्ठभूमि से है, जिससे शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी अपना हुनर और प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिले, क्योंकि इन्हीं में से कई खिलाड़ी भविष्य में देश और प्रदेश के लिए खेलते हुए अपना अपने परिवार समाज व देश का नाम रोशन करेंगे। यह प्रतियोगिता एक अक्टूबर से शुरू होकर आगामी 8 अक्टूबर तक चलेगी जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, बॉडी बिल्डिंग, ट्रक पुल्लिंग सरीखे कई खेलों का आयोजन किया जाएगा। आज वरिष्ठ नागरिक दिवस के मौके पर बुजुर्गों के बीच भी मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहाँ उन सभी बुजुर्गों की शाल व छाता देकर सम्मानित किया गया।


वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चलाये गये स्वच्छता अभियान के दौरान पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल।

# भाजपा युवा मोर्चा ने भलस्वा झील पर चलाया स्वच्छता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के भलस्वा झील पर भाजपा युवा मोर्चा उत्तर-पश्चिम जिला के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप से जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, विकास राणा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष, पूर्व पार्षद विजय भगत, पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्य झा, मंडल अध्यक्ष रेखा दूबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश कादयान, उमाशंकर, अनिल लाम्बा, मोहित सिंह, कार्यक्रम के संयोजक पंकज यादव, सहसंयोजक साहिल वासन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केन्द्र ने चलाया स्वच्छता अभियान

## जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अतिथियों, अधिकारियों व स्वयंसेवकों का किया आभार व्यक्त





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नेहरू युवा केंद्र पश्चिम दिल्ली, नांगलोई (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार) व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक की उपस्थिति में स्वच्छ भारत अभियान 3.0 के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत एक घंटे श्रमदान का संकल्प लेकर स्वच्छता संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीएम बी .के मीना, एसडीएम हेडक्वर्टर प्रवीर जैन, एसडीएम राजा गार्डन आशीष, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत एडीएम के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलवाकर की गई। साथ ही डीएम कार्यालय से स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर स्थानीय जनता से स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी पूजा कौशिक ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी उपस्थिति व बहुमूल्य योगदान देने वाले सभी अतिथियों, अधिकारियों व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

# झील वाला पार्क में महेन्द्रा पार्क थाना एसएचओ ने चलाया स्वच्छता अभियान




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित झील वाला पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली पुलिस के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर महेन्द्रा पार्क थाना एसएचओ लोकेश शर्मा के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। थाना एसएचओ लोकेश शर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने आस-पास स्वच्छता पर विशेष रूप से ध्यान देना है और कूड़े को केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालना है, जिससे की आपका क्षेत्र हरा-भरा और सुन्दर नजर आये।

# धूमधाम से मनाया गया सिविल लाईन जोन के पूर्व जोन चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब का जन्मदिन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही सुरेन्द्र खर्ब को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने जहां एक और सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब को जन्मदिन की बधाई दी और वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

**गरीबों व असहायों की मदद के लिए आगे रहते है सुरेन्द्र खर्बः** पवन गोयल ने बताया कि सुरेन्द्र खर्ब हमेशा ही गरीबों व असहायों की सहायता के लिए हमेशा ही आगे रहते है। यही कारण कि आज बहुताय की संख्या में बच्चे, युवा, महिला और बुजुर्ग उनको बधाई देने के लिए पहुंचे हुए है। इस मौके पर सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेहिल से धन्यवाद करता हूं।

# रामलीला मैदान में लाखों कर्मचारियों ने भरी हुंकारः अजय वीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**नेशनल** मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम(एनएमओपीएस) के तत्वावधान में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित पेंशन शंखनाद रैली में देश भर से लाखों शिक्षक व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। रामलीला मैदान पहुंच लोगो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुरजोर ढंग से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। शिक्षक संघ जीएसटीए के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की देश भर से लाखों कर्मचारी दो दिन पहले ही पहुँचने शुरू हो गये थे। आज रैली के आयोजन में प्रत्यक्षदर्शियों व प्रशासन के अनुसार सात लाख





लोगों ने हिस्सा लिया। पेंशन शंखनाद महारैली में केंद्र सरकार व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों रेल, ऑर्डिनेंस, हेल्थ सेक्टर और शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों के लाखों कर्मचारियों ने दिल्ली पहुंचकर पुरानी पेंशन बहाल करने की हुंकार भरी हैं।

**सरकार के किसी सुझाव पर कोई स्वीकृति नहीं देंगेः**
एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने देशभर से आए लाखों शिक्षक व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री से मांग की है कि देश का कर्मचारी केवल और केवल पुरानी पेंशन को बहाल करवाने के लिए एकजुट हुआ है इसलिए हमें केवल और केवल पुरानी पेंशन चाहिए। इसके अलावा हम सरकार के किसी सुझाव पर कोई स्वीकृति नहीं देंगे।

**पेंशन नहीं तो वोट नहीं:** विजय कुमार बंधु ने कर्मचारियों से आह्वान किया की पेंशन नहीं तो वोट नहीं, जो पेंशन की बात करेगा वही देश पर राज करेगा के साथ कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री वही होगा जो पेंशन की बात करेगा। देश में 40 साल नौकरी करने वाले कर्मचारी पेंशन विहीन और 40 दिन का सांसद सभी सुविधाओं के साथ पेंशन का अधिकारी, यह देश का कौन सा राष्ट्रवाद है। यह देश भगत सिंह और बाबा साहब का देश है। पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है हम इसे लेकर ही रहेंगे। दिल्ली मैं बैठे नेताओ को जब भीड़ का पता चला तो रैली में आने के लिए आतुर दिखाई दिये। आप सांसद संजय सिंह ने कर्मचारियों की पेंशन की आवाज का पुरजोर समर्थन किया, वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने के तुरंत 24 घंटे में पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया जाएगा।

# दिल्ली छावनी रेलवे स्टेशन पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली छावनी रेलवे स्टेशन पर नेहरू युवा केन्द्र, नई दिल्ली एवं प्रतिष्ठा युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत रैली स्वच्छता नारों के साथ निकाली, साथ युवाओं ने रेल की पटरी और स्टेशन के आस पास सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया।
वही दिल्ली छावनी रेलवे स्टेशन अश्वनी वैष्णव, केन्द्रीय रेलवे मंत्री, भारत सरकार ने वन्दे भारत ट्रैन की 40 मिनट में सफाई की शुरूआत की। साथ नेहरू युवा केन्द्र एवं प्रतिष्ठा युवा संगठन के अधिकारियों और स्वयं सेवको के साथ फोटो करवाई और उनका हौसला बढ़ाया।

# मॉडल टाउनः एनयूबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किये गए जगदीश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मॉडल टाउन में एनयूबीसी (National Union of Backward Classes, SC/ST & Minorities) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में ओबीसी कमीशन दिल्ली सरकार के अध्यक्ष जगदीश यादव को सर्वसम्मति से एनयूबीसी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। एनयूबीसी की स्थापना दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ब्रह्म प्रकाशजी द्वारा की गई थी। इस संगठन से मुख्यरूप से काशीराम जी, चंद्रजीत यादव (पूर्व केंद्रीय मंत्री), कपूरी ठाकुर (पूर्व मुख्यमंत्री बिहार), मुलायम सिंह यादव (पूर्व मुख्यमंत्री यूपी), प्रोफेसर डी.पी. यादव (पूर्व उप-शिक्षा मंत्री भारत सरकार), राम विलास पासवान (पूर्व केंद्रीय मंत्री), शरद यादव (पूर्व केंद्रीय







मंत्री), बी पी मौर्य, देवा सहाय के वीरमणि सभी दिवंगत आत्माओं ने अपना जीवन इस संगठन को आगे बढ़ाने में समर्पित किया। मंडल कमीशन को लागू करने में एनयूबीसी संगठन की मुख्य भूमिका रही। वहीं, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आज भी इस संगठन को आगे बढ़ाने में तत्पर है। ज्ञात हो की जगदीश यादव राजनीतिक रूप से व संगठनकर्ता के रूप में दिल्ली और देश में एक बड़ा नाम है जिनके अनुभव का लाभ संगठन को अवश्य मिलेगा। करिकारिणी बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में जगदीश यादव के मनोनयन का जोरदार स्वागत किया और कहा की इनके नेतृत्व में संगठन को नया मुकाम हासिल होगा। इस मौके पर एस सुवर्णा कुमार केरला (वरि. उपाध्यक्ष), एस गीता (संगठन महासचिव दिल्ली), डॉ. वी. कुलदैवेलु (पूर्व सांसद तमिलनाडु), बी. एस. पटेल (पूर्व सांसद), भजमन बेहेरा (पूर्व केंद्रीय मंत्री,) के सी कापस (वरि. उपाध्यक्ष), धर्मराज पवार (महासचिव), एडवोकेट कमलक कननं (महासचिव तमिलनाडु), जयकिशन ठाकुर (महासचिव), एस बी बाबू (महासचिव दिल्ली), मलखान (सचिव), राजपाल मीना (प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान), जगन्नाथ मेघ (प्रदेश अध्यक्ष उड़ीसा), डॉ. पुरुषोत्तम (प्रदेश अध्यक्ष जम्मू), मुश्ताक अहमद भट (प्रदेश अध्यक्ष कश्मीर), एडवोकेट हेमंत यादव (प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली), रमेश कुमार सैनी (प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा) सहित कई राज्यों के पदाधिकारी उपस्थित रहे और कई प्रदेश अध्यक्षों ने अपनी रजामंदी भेजी।

# स्वच्छता कर्मियों के सम्मान के साथ मुख्यमंत्री ने किया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का समापन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता की सेवा पखवाड़े का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर फरीदाबाद में किया। यहां उन्होंने स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करते हुए प्रदेश के लोगों से आह्वान किया कि स्वच्छता का कार्य स्वच्छता कर्मियों पर छोड़ने की बजाए जन-जन का अभियान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि अपने आवास, परिसर के साथ-साथ अपने गली मोहल्ले व गांव की स्वच्छता के लिए सामूहिक



रूप से अभियान चलाने का संकल्प लेना होगा। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल रविवार को शहर के सेक्टर-9 में आयोजित इस राज्यस्तरीय स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मिलकर अपने-अपने तरीके से इस स्वच्छता पखवाड़े में भाग ले रहे है। इसी क्रम में आज सभी लोग एक दिन-एक घंटा प्रातः 10 से 11 बजे तक सभी ग्राम पंचायतों, शहरों, कस्बों तथा वार्डों में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही मायने में तो स्वच्छता का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उसी दिन ले आए थे जिस दिन इस देश की बागडोर उन्होंने संभाली थी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें हमारे जीवन, व्यवहार और दिनचर्या का अंग बनाना होगा। हम अपने घरों में पांच अवसरों पर विशेष सफाई करते है। प्रतिदिन हमारी माताएं, बहने अपने घर की सफाई करती है। सप्ताह में एक बार घर की खिड़कियां और दरवाजे, महीने में एक बार स्टोर की सफाई और साल में एक बार दिवाली और ईद के दिन घर में रंग-रोगन और सफाई होती है। दैनिक, साप्ताहिक, मासिक और वार्षिक के अलावा कभी-कभी किसी विशेष अवसर जैसे शादी ब्याह, जागरण या अकस्मात कभी आंधी और वर्षा आ जाए तो पूरे घर की विशेष सफाई की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि क्या सिर्फ अपने परिसर की सफाई करने से देश स्वच्छ बन पाएगा? हमें देश को अपना घर मानना होगा। अपने प्रदेश, शहर, गांव, गली मोहल्ले के घरों को अपना मानना होगा। हम सभी को मिलकर इस सामाजिक कार्य में भाग लेना होगा सिर्फ सरकारी तंत्र पर निर्भर नहीं रहना बल्कि हम सबको मिलकर अपनी भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने आह्वान किया कि हमारे अपने शरीर के अंदर मन और बुद्धि की स्वच्छता भी बेहद जरूरी है।

# स्वच्छता आधारित प्रतियोगिता में एन सी सी कैडेट ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )। ।** राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद में प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर के निर्देशन में महाविद्यालय के एन सी सी, नेवल विंग के द्वारा ऑयल इंडिया, आर एंड डी सेंटर, फरीदाबाद के सहयोग से स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कई कार्यक्रम कराए गए। 'स्वच्छता ही सेवा - कचरा मुक्त भारत' थीम पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्लोगन लेखन, ड्राइंग, पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं के अलावा नुक्कड़ नाटक और रैली भी निकाली गई ताकि विद्यार्थियों और आम जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाई जा सके। स्लोगन लेखन में एनसीसी कैडेट मनीषा ने बाजी मारी और उसे महाविद्यालय की



प्राचार्या डॉ रुचिरा खुल्लर और नेवल विंग के एएनओ सब लेफ्टिनेंट डॉ अमृता श्री के द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ एनसीसी ए एन ओ डॉ अमृता श्री ने एनसीसी कैडेट को अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ दिलवाई और विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई।

## संक्षिप्त खबरें

### अस्पताल में माता-पिता के साथ इलाज के लिए आई 15 वर्षीय नाबालिक लड़की हुई लापता, पुलिस चौकी एनआईटी 3 नंबर की टीम ने मात्र 1 घंटे में तलाश कर किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद, 01 अक्टूबर (हरपाल सिंह यादव )।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी एनआईटी श्री अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एसजीएम नगर की टीम पुलिस चौकी एनआईटी 3 नंबर के द्वारा माता-पिता के साथ अस्पताल में इलाज के लिए आई लड़की, गुम होने पर तलाश करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लड़की अपने माता-पिता के साथ 30 सितंबर को इलाज के लिए एनआईटी में स्थित ईएसआईसी हॉस्पिटल में आई थी। जो लड़की बिना बताए अस्पताल से कहीं निकल गई थी। परिजनों के द्वारा लड़की को अस्पताल परिसर में काफी तलाश किया गया। जो लड़की के नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा डायल 112 को सूचना दी। जिस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी 3 नंबर एनआईटी इंचार्ज सोमपाल ने एक टीम अरकयोगेंद्र कुमार, सिपाही प्रदीप कुमार, अभिमन्यु गठित की। पुलिस टीम द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से गुमशुदा लड़की को बल्लभगढ़ एरिया से बरामद कर लिया गया था। नाबालिक लड़की को पूछताछ के बाद परिजनों के हवाले कर दिया था। परिजनों द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

### बाईक सवार युवकों ने महिला से मारपीट कर सोने की कंठी छीनी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

जिले के टोहाना क्षेत्र के गांव गाजूवाला में बाईक सवार दो युवक एक महिला से मारपीट कर उससे सोने की चैन छीनकर फरार हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में गांव गाजूवाला निवासी महिला कविता ने कहा है कि वह घर से थोड़ी दूर खाली पड़ी जगह पर भैंसे बांधती है। गत दिवस दोपहर को जब वह गली में अपनी भैंसों को संभालने जा रही थी तो मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात युवकों ने उसके पास आकर मोटरसाइकिल रोका और उससे गांव पिरथला का रास्ता पूछने लगे। जैसे ही वह उनको रास्ता बताने लगी तो पीछे बैठे युवक ने झपटा मारकर उसके गले में पहनी सोने की कंठी छीनने की कोशिश की।

जब उसने बचाव की कोशिश की तो बाईक सवार युवक ने उस पर थप्पड़-मुक्के मारे जिससे वह नीचे गिर गई। इसके बाद दोनों युवक बाईक से नीचे उतरे और उसके गले से करीब डेढ़ तोले सोने की कंठी छीनकर मोटरसाइकिल पर सवार हो गई। इसके बाद उसने परिजनों को इस बारे सूचना दी।

### चेयरमैन सुभाष बराला ने गांव डांगरा में स्वयं झाड़ू लगाकर मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/टोहाना**

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि किसी भी मुहिम के उद्देश्य को लोगों की सक्रिय भागीदारी से ही प्राप्त किया जा सकता है। हमें अपने आस-पास तथा रहने के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ अपने विचारों को भी स्वच्छ बनाना होगा ताकि एक स्वच्छ व स्वस्थ भारत का निर्माण हो।

# स्वच्छता अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर रविवार को सुबह 10 बजे से आमजन के सहयोग से जिलेभर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्रमदान कार्यक्रम के तहत गलियों, नालियों व आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत घर, स्कूल आदि सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। टोहाना में पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली और सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन सुभाष बराला में झाड़ू थामकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

# छात्र नेता जसवंत पवार का नेहरू कॉलेज में छात्रों ने किया जोरदार स्वागत

**भव्य स्वागत**

**8 परिसर में घुमाकर कर युवा आगाज जिंदाबाद छात्र शक्ति जिंदाबाद के नारे से कॉलेज परिसर गूंज उठा**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** नेहरू कॉलेज में सीट बढ़ाने की खुशी में नेहरू कॉलेज के छात्रों ने छात्र नेता जसवंत पवार का फूल माला बुके देकर कर भव्य स्वागत किया छात्रों ने कॉलेज गेट के बाहर ढोल नगाड़े बजाकर अपनी खुशी जाहिर की व छात्र नेता जसवंत पवार को अपने कंधों पर बैठाकर पूरे कॉलेज परिसर में घुमाकर



कर युवा आगाज जिंदाबाद छात्र शक्ति जिंदाबाद के नारे से कॉलेज परिसर गूंज उठा क्योंकि सरकारी कॉलोजों में सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर युवा आगाज संगठन पिछले 1 महीने से संघर्ष कर रहा था संगठन द्वारा सीट बढ़ाने को लेकर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेंद्र गुप्ता, नेहरू कॉलेज प्रिंसिपल रुचिरा खुल्लर, डीसी फरीदाबाद विक्रम जी को ज्ञापन दिए गए व धरना प्रदर्शन भी किया गया । छात्रों की मांगों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने नेहरू कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन में 12 प्रतिशत सीटें बढ़ा दी गई । जसवंत पवार ने कहा कि यह युवा आगाज संगठन के संघर्षशील छात्रों की जीत है सभी छात्रों ने एकजुट होकर कॉलेजों में सीट बढ़ाने का संघर्ष किया , यह फैसला छात्रहितों के लिए काफी बड़ा है क्योंकि 4 साल बाद नेहरू कॉलेज में सीट बड़ी है कॉलेजों में 12 प्रतिशत सीटें बढ़ने से उन छात्रों को काफी लाभ मिला जिन्हें अच्छे नंबर आने के बाद भी कॉलेजों में दाखिला नहीं मिला था। इस तरह से सभी स्टूडेंट्स का भविष्य खराब होने होने से बच गया नेहरू कॉलेज के छात्रों ने जिस तरीके से मुझे प्यार मान सम्मान और स्वागत किया है इससे मुझे छात्र हितों की आवाज बुलंद करने में पूरी ताकत और सहयोग मिलेगा, छात्र शक्ति ही मेरी असली ताकत है इस मौके पर गौरव बलजीत, बॉबी, दीपक शाक्य, राहुल तिलपत, रॉबिन गुप्ता,भानु सागरपुर, मुकुल,हेमू,हेमंत कुमार सुनील सैनी, ज्योति डगूजर,तरुना, दीपा,गौतम नागर,राहुल पवार ,हर्ष चौधरी,भरत, खुशबू , नंदनी ,कंचन यादव, प्रीति चौधरी मौजूद रहे।

# एसएसबी अस्पताल ने लगाया निशुल्क जांच शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी अस्पताल द्वारा विश्व हृदय दिवस पर रविवार को अस्पताल प्रांगण में एक निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया किया। इस शिविर में करीब 500 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। जांच करवाने आने वाले लोगों को निशुल्क बीपी, शुगर जांच के साथ-साथ ईसीजी व ईको भी निशुल्क की गई वहीं शिविर में लोगों को उचित परामर्श भी दिया गया। इस शिविर में डा.एस.एस. बंसल, डा.एस.एस.



सिद्धू, डा. सिद्धांत बंसल, डा. बिनय कुमार पाण्डेय, डा. चेतन स्वरूप, डा. रिद्धिका मुंजाल आदि अनुभवी डाक्टरों की टीम लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। गौरतलब है कि एसएसबी अस्पताल समय-समय पर इस प्रकार के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों की सेवा में समर्पित रहता है और लोग इन शिविरों के माध्यम से अपने स्वास्थ्य की जांच करवाते रहते है।

# पंचायत मंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकार मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/टोहाना**

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती पर सभी नागरिक स्वच्छता का संकल्प लें और अपने आस पास के क्षेत्र की सफाई कर राष्ट्रपिता को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। नागरिक स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन की मुहिम न माने, बल्कि इसे निरंतर व्यवहार में लाकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।रविवार को पूरे देश में एक साथ एक ही समय पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण स्कीम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** देशभर में चल रहे राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान (स्वच्छता ही सेवा) में जहां देश भर के दिग्गज नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ अपनी भागीदारी निभा रहे हैं, वही इसी के साथ-साथ देश, प्रदेश व जिले की समाज सेवी संस्थाएं भी इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी अहम भागीदारी निभा रहे हैं। गांधी जयंती के इस खास मौके पर जज्बा फाउंडेशन के द्वारा भी हार्डवेयर से प्याली चौक तक स्वच्छता अभियान का आगाज किया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र संगठन (खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार) से जिला युवा अधिकारी प्रियंका मालिक, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी से सचिव बिजेन्दर सिंह सौरोत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से अमित गोहैं ने कार्यक्रम के दौरान हार्डवेयर से प्याली रोड़ पर स्वच्छता अभियान चलाने का काम किया । इस अवसर पर जज्बा फॉउंडेशन चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि ह्लस्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के साथ स्वच्छता का पखवाड़ा मना रहा है, जिसकी थीम 'कचरा मुक्त भारत' है ह्व भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि ह्लइस स्वच्छता अभियान की अनूठी विशेषता यह है कि यह अभियान स्वच्छता नायकोंझ्र सफाई मित्रों के कल्याण के लिए भी काम कर रहा है। उनके कल्याण के लिए नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर और योग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। समुदाय के सभी वर्ग स्वच्छता ही सेवा को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए अपना सहयोग दे रहे हैं। इसके लिए महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को बड़ी संख्या में एकजुट किया गया है। जिनमें से कई ने श्रमदान के लिए गांवों को गोद लिया है। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं ने अपने शहरों, कस्बों और गांवों को साफ करने में बहुत उत्साह दिखाया है, साथ ही कॉलेजों ने गांवों को भी गोद लिया है। धार्मिक स्थलों में धर्मगुरु श्रमदान करवा रहे हैं व स्वच्छता गतिविधियों में सक्रिय

# घर से लापता 10 वर्षीय नाबालिक लड़की जालौन जिले से बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने गुमशुदा नाबालिक लड़की को बरामद करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गुमशुदा नाबालिक लड़की 23 सितंबर अपने घर से बिना बताए निकल गई थी। जिसकी परिजनों ने अपने तौर पर तलाश की नहीं मिलने पर लड़की के संबंध में थाना एनआईटी में सूचना दी। थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर



लड़की की तलाश शुरू की गई। मामले में क्राइम ब्रांच के द्वारा भी कार्रवाई की जा रही थी। क्राइम ब्रांच की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नाबालिक लड़की का उत्तर प्रदेश के जालौन जिले का पता लगाया, तुरंत एक टीम निर्धारित कर लड़की को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। लड़की को पूछताछ के बाद सख्त हिदायत देते हुए परिजनों के हवाले किया गया। परिजनों के द्वारा पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया गया।

# जमीनी स्तर पर फेल साबित हो रहा है भाजपा का स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

सेक्टर-20 कृष्णा कालोनी जाकर युवा कांग्रेसी नेता ने खोली भाजपा सरकार की पोल

फरीदाबाद। फरीदाबाद युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नितिन सिंगला ने कहा है कि भाजपा सरकार का स्वच्छता अभियान जमीनी स्तर पर पूरी तरह से फेल साबित हुआ है, जिस स्वच्छता अभियान की शुरूआत सर्वप्रथम मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद की कृष्णा कालोनी सेक्टर-20 से की थी, आज भी वहां गंदगी का साम्राज्य स्थापित है और लोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारियों से ग्रस्त हो रहे



है, लेकिन भाजपा आगे दौड़ पीछे छोड़ की कहावत को चरितार्थ करने में लगी है। श्री सिंगला आज सेक्टर-20 कृष्णा कालोनी में जाकर वहां व्याप्त गंदगी व जलभराव का अवलोकन करने के उपरांत लोगों से बातचीत कर रहे थे। नितिन सिंगला ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, सरकार के मुखिया जहां से जिस काम की शुरूआत करते है, उसे अधूरा छोड़ दिया जाता है, चाहे सफाई अभियान हो या फिर विकास कार्य। शहर में लोग आज बुनियादी सुविधाओं से त्राहि-त्राहि कर रहे है, लेकिन सत्ता के नशे में चूर भाजपा नेता विकास का झूठा राग अलापकर लोगों को गुमराह कर रहे है। श्री सिंगला ने कहा कि अब समय आ गया है, जब इस जनविरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ा जाए और हरियाणा में चौ. भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाई जाए ताकि प्रदेश व फरीदाबाद का समुचित विकास करवाया जा सके।

# वाहन चोरी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम खकगंदर उर्फ खगेन्द्र है। आरोपी फरीदाबाद के गांव नेकपुर कालोनी का रहने वाला है। आरोपी को



क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से एनआईटी के एरिया नियर मस्जिद चौक से काबू किया है। आरोपी से पूछताछ में चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 25 सितंबर को रात के समय एनआईटी 5 नंबर से मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मामला थाना एनआईटी में दर्ज किया गया था। मारुति नशा करने का आदी है। आरोपी चोरी की वारदातों को नशा की पूर्ति के लिए अंजाम देता है।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

"मैं ऐसे भारत के लिए कोशिश करूँगा, जिसमें गरीब से गरीब लोग भी यह महसूस करेंगे कि यह उनका देश है– जिसके निर्माण में उनकी आवाज़ का महत्व है"

– महात्मा गाँधी

# गाँधी जयंती

## 2 अक्टूबर



DIP/Shabdarth/Display/0071/23-24

"गाँधी जी का सपना था, एक ऐसा देश, जहाँ हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, हर बीमार को अच्छा इलाज मिले, सभी धर्म और जातियों के लोग भाईचारे से रहें. हम गाँधी जी के इन सपनों को सच करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं"

– अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली



सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार